दैनिक भास्कर 23/10/2024

जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थियों ने गांव खुड्डा कलां के बच्चों को ज्ञान प्रदान किया

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज के राजनीतिज्ञ विज्ञान विभाग व एनएसएस यूनिट ने प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के दिशा निर्देशन व डॉ. एसएस नैन के नेतृत्व में गांव खुड्डा कलां में कार्यक्रम करवाया। प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा केवल शब्दों का ज्ञान नहीं, बल्कि एक व्यापक अवधारणा है जो अच्छे और बुरे में अंतर का विवेक उत्पन्न करती है। इससे समाज में एकरूपता, चरित्र निर्माण, नैतिकता और शिष्टाचार का विकास होता है। डॉ. नैन ने कहा कि वे समय निकाल कर अपने आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को शिक्षा प्रदान करें। राजनीतिक विज्ञान विभाग के 37 विद्यार्थियों ने स्वेच्छा से गांव खुड्डा कलां के बच्चों को ज्ञान प्रदान किया। गांव की सरपंच सरला देवी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। मौके पर डॉ. राकेश कुमार, डॉ. सरोज बाला मौजूद थे।